web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विज़िट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, रविवार 11 नवम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-44

## मां ने अपने ही बॉयफ्रेंड से जबरन कराई नाबालिग बेटी की शादी, एफआईआर

चेन्नई (आरएनएस)। चेन्नै की एक नाबालिग लड़की की शादी जबरन उसकी मां के बॉयफ्रेंड से करा दी गई। इस नाबालिग को बीस दिनों तक कैद में रखकर कई बार रेप किया गया। चाइल्ड लाइन में आए एक अज्ञात फोन कॉल के बाद नाबालिग को रेस्क्यू कराया गया। लड़की जब छोटी थी, तभी उसके पिता की मृत्यु हो गई थी।



शुक्रवार की रात को चाइल्ड लाइन की हेल्पलाइन 1098 में एक फोन कॉल आया। फोन करने वाले ने चाइल्ड लाइन के अधिकारी को बताया कि लड़की की हाल ही में शादी हुई है। वह देखने में नाबालिग है और ऐसा लगता है कि उसकी यह शादी जबरन कराई गई है। उसे तीन आदमी और एक औरत जबरन घर के अंदर बंद करके रखते हैं। वे लोग देखने में संदिग्ध लगते हैं।

इस कॉल के आने के बाद चाइल्ड लाइन के काउंसलर्स और नीलनकराई पुलिस व्यक्ति द्वारा बताए गए पते पर पहुंचे। वहां से लड़की को रेस्क्यू कराया गया।

लड़की को कांचीपुरम चाइल्ड लाइन वेलफेयर कमिटी के सामने ले जाया गया। लड़की ने कमिटी के सदस्यों के सामने बयान दिए।

लड़की ने बताया कि वह नीलनकराई में अपने पिता और मां के साथ रहती थी। जब वह छोटी थी तभी उसके पिता की मृत्यु हो गई थी। पिता के मरने के कुछ ही महीनों बाद मां के एक स्थानीय व्यक्ति राजशेखर (33) के साथ उसकी मां के संबंध हो गए। लड़की ने बताया, राजशेखर ने मेरी मां से कहा कि वह मुझसे शादी करना चाहता है। उसने कहा कि वह मुझसे शादी करने के बाद भी मेरी मां से संबंध रखेगा और हम लोगों की आर्थिक मदद करता रहेगा। उसने मेरी मां पर मुझसे शादी करने का दबाव बनाया। मैंने साफ इनकार कर दिया। एक दिन मैं अपनी ट्यूशन क्लास जा रही थी तभी रास्ते में तीन लोगों ने मुझे एक कार में धक्का दिया और जबरन कहीं ले गए।

लड़की ने बताया कि उसे एक गांव में कैद करके तीन दिनों तक रखा गया और उसके बाद राजशेखर से जबरन शादी करा दी गई। इस शादी में उसकी मां भी मौजूद थीं। वहां से उसे एक घर में ले जाया गया और बीते बीस दिनों तक उसके साथ रोज रेप किया गया।

पुलिस ने बताया कि बच्ची की मां, उसके बॉयफ्रेंड और दो अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सभी आरोपियों की तलाश की जा रही है। बच्ची को शेल्टर होम भेज दिया गया है। वहां उसकी काउंसलिंग की जा रही है। बच्ची बहुत डिप्रेशन में है। उसे सोमवार को मेडिकल जांच के लिए भेजा जाएगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रेस क्लब में घुसे दर्जनों बंदूकधारी, पत्रकारों को किया परेशान

कराची (आरएनएस)। कराची प्रेस क्लब में सादी वर्दी में घुस आए कई बंदूकधारियों ने क्लब की तलाशी ली और संवाददाताओं को परेशान किया। क्लब के एक पदाधिकारी ने घटना की जानकारी दी। क्लब के संयुक्त सचिव नियामत खान ने समाचार एजेंसी एफे न्यूज को बताया, 'सादी वर्दी में दर्जनों बंदूकधारी कराची प्रेस क्लब में रात 10.30 बजे घुस आए। उन्होंने कमरों, रसोई और ऊपरी मंजिल और स्पोर्ट्स हॉल की तलाशी ली और पत्रकारों को परेशान किया।'

### पाकिस्तान गरीबी उन्मूलन के लिए चीन मॉडल से सीख लेगा : इमरान खान

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान देश में गरीबी उन्मूलन के लिए चीन मॉडल से सीख लेगा। पाकिस्तान के पूर्वी शहर लाहौर में एक आश्रय गृह के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री इमरान ने कहा कि चीन ने बीते तीन दशकों में 70 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी की श्रेणी से बाहर निकालने का कार्य किया है। यह दुनिया के इतिहास में एक अद्वितीय उपलब्धि है और पाकिस्तान इससे सबक लेगा।

### यूएई में भारतीय मजदूर ने फांसी लगाई

शारजाह (आरएनएस)। शारजाह में एक 25 वर्षीय भारतीय मजदूर का शव उसके आवास में लटका हुआ पाया गया। गल्फ न्यूज के अनुसार, शारजाह पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि ऐसा लगता है कि मजदूर ने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा कि मृतक के साथी ने अल साज्जा में उसका शव कमरे में लटकता हुआ पाया और उसे उतारने की कोशिश की, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

### बंगाल की खाड़ी पर चक्रवात बनने की संभावना

**मछुआरों को समुद्र में ना जाने की चेतावनी**

चेन्नई (आरएनएस)। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवात जैसी स्थिति बनने की वजह से अगले हफ्ते भारी बारिश हो सकती है। यह सिस्टम उत्तर तमिलनाडु के ऊपर से निकलेगा। हालांकि, स्वतंत्र मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक चक्रवात बारिश की स्थिति में पहुंचेगा तब तक सिस्टम कमजोर हो चुका होगा। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए राज्य मत्स्यपालन विभाग ने मछुआरों से बंगाल की खाड़ी में नहीं जाने के लिए कहा है।

### आईजीआई से अफगान नागरिक 3.5 करोड़ की विदेशी करेंसी के साथ गिरफ्तार

दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से अफ़ग़ान नागरिक को 3.5 करोड़ की विदेशी करेंसी के साथ गिरफ्तार,आरोपी करेंसी को तस्करी कर दुबई लेकर जा रहा था. अधिकारियों के मुताबिक़ आरोपी उत्तरी काबुल का रहने वाला है और वो क़रीब 4.5 लाख अमेरिकी डॉलर हारमोनियम के अंदर छुपा कर ले जा रहा था. आरोपी को शनिवार को एयरपोर्ट से गिरफ़्तार किया गया है।

### मिजोरम में 5.3 तीव्रता के भूकंप के झटके

नई दिल्ली। मिजोरम में शनिवार रात को 5.3 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भारतीय मौसम विभाग ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि रात 10 बजकर 45 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र चम्फाई जिले में जमीन से 24 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के झटके राज्य की राजधानी आइजोल में भी महसूस किए गए जहां लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। पुलिस ने बताया कि अभी भूकंप के कारण किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई खबर नहीं है।


## स्टेच्यू ऑफ यूनिटी देखने एक दिन में पहुंचे रिकॉर्ड 27 हजार लोग

राजपिपला (आरएनएस)। गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्टेच्यू ऑफ यूनिटी को देखने के लिए शनिवार को पर्यटकों के पहुंचने के सारे रिकॉर्ड टूट गए। जनता के लिए महज दस दिन पहले खुले इस विशाल और भव्य स्मारक को देखने एक दिन में ही 27,000 पर्यटक पहुंच गए। उल्लेखनीय है कि केवड़िया स्थित सरदार सरोवर बांध के करीब बनी 182 मीटर प्रतिमा का अनावरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 अक्टूबर को किया था और इसे आम जनता के लिए एक नवंबर से ही खोला गया है। यह विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है।



दिनोंदिन पर्यटकों की बढ़ती आमद को देखते हुए गुजरात सरकार को जनता से स्मारक की क्षमता को देखते हुए वहां आने की योजना बनाने की अपील करनी पड़ी है। दरअसल, विशालतम प्रतिमा के अंदर बनी दर्शकदीर्घा में जाने के लिए तेज गति की दो लिफ्ट हैं। यह अधिकतम पांच हजार लोगों को प्रतिदिन ऊपर ले जा सकती हैं। इस दर्शकदीर्घा में एक समय में अधिकतम दो सौ लोग आ सकते हैं और यह प्रतिमा में 135 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।

इस विशालकाय प्रतिमा को देखने के अलावा लोग विजिटर सेंटर, सोवनियर शॉप, प्रदर्शनी हाल, दर्शकदीर्घा आदि भी जा सकते हैं। स्टेच्यू ऑफ यूनिटी में प्रवेश और दर्शकदीर्घा के लिए वयस्कों के टिकट की कीमत 350 रुपये हैं। वहीं, तीन-15 साल तक के बच्चों के लिए 200 रुपये का टिकट है।



### राजौरी एलओसी पर पाकिस्तान ने की जबरदस्त फायरिंग, 2 बीएसएफ जवान जख्मी

जम्मू। जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) सीमापार से हुई गोलीबारी में बीएसएफ के दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शहीद सैनिक राइफलमैन वरूण कत्तल (21) जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के मावा राजपुरा क्षेत्र के निवासी थे। सुंदरबनी सेक्टर में सीमापार से एक स्नाइपर द्वारा चलाई गई गोली से उनकी मौत हो गई, जिसके बाद दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई।

## सुको ने पूर्व सांसद के बेटे को तलाक़ लेने की इजाजत दी

**पति-पत्नी ने एक दूसरे से मांगी माफी**

नईदिल्ली (आरएनएस)। आमतौर पर पति-पत्नी तलाक के बाद एक दूसरे से माफी नहीं मांगते हैं. लेकिन सुप्रीम कोर्ट में एक अलग तरह का मामला सामने आया है. तलाक के बाद सुप्रीम कोर्ट में पति-पत्नी ने जज के सामने माफी मांग कर अपनी शादी तोड़ ली.



इन दोनों की शादी साल 2010 में एक भव्य समारोह में हुई थी. पति एक पूर्व सांसद का बेटा है. जबकि पत्नी भी बड़े घराने से ताल्लुक रखती हैं. जज के सामने इन दोनों का माफीनामा रिकॉर्ड किया गया जहां इन दोनों ने कहा है कि जो भी गलती इन दोनों से हुई है वो इसके लिए मांफी मांगते है.

इन दोनों ने पहले तलाक के लिए मुंबई में केस दायर किया था. कोर्ट ने पति-पत्नी को अपने बीच विवाद खत्म करने के लिए छह महीने का वक्त दिया था. बाद में सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस कुरियन जोसेफ की बेंच ने कहा था कि जब भी इन्हें अलग होने का मन हो वो कोर्ट आ जाएं. सुप्रीम कोर्ट में पति-पत्नी ने कहा कि अगर इन दोनों ने एक दूसरे को अपने व्यवहार से ठेस पहुंचाई है तो वो इसके लिए माफी चाहते हैं.

तलाक के बाद बेंच के सामने पति ने एक बार में फुल एंड फाइनल सेटलमेंट की बात की. पति ने 5 करोड़ रुपये देने का वादा किया. पत्नी इसके लिए तैयार हो गई. 3.5 करोड़ रुपये जनवरी तक दिए जाएंगे जबकि बाकी के डेढ़ करोड़ रुपये एक साल के बाद दिए जाएंगे. सुप्रीम कोर्ट ने पोस्ट डेटेड चेक देन को कहा है.

## दिल्ली में जुटेंगी भाजपा विरोधी पार्टियां, बनेगी सरकार को घेरने की रणनीति

अमरावती (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ महागठबंधन की रूपरेखा तय करने के लिए विपक्षी पार्टियां 22 नवंबर को दिल्ली में जुटेंगी। महागठबंधन की कवायद में जुटे तेलुगु देसम पार्टी के अध्यक्ष व आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कांग्रेस महासचिव अशोक गहलोत के साथ मुलाकात के बाद प्रेस को यह जानकारी दी। गहलोत उनके पास कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के दूत के रूप में आए थे।


नायडू ने कहा कि वे 19 या 20 नवंबर को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मिलेंगे। उन्होंने दावा किया, महागठबंधन भाजपा विरोधी बड़ा प्लेटफ ार्म होगा। यह देशहित में होगा। इसका उद्देश्य लोकतंत्र, राष्ट्र और राष्ट्रीय संस्थाओं की रक्षा करना होगा। यही हमारा राष्ट्रीय एजेंडा है।

तेदेपा प्रमुख हाल में राहुल गांधी, शरद पवार, फ ारुख अब्दुल्ला, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा, कर्नाटक के मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी और द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन के साथ भाजपा विरोधी गठबंधन बनाने के मुद्दे पर मिल चुके हैं।

नायडू ने कहा, 'अब तक मैं लगभग सबसे मिल चुका हूं। सबको आश्वस्त कर चुका हूं। कांग्रेस सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है। उस पर ज्यादा जिम्मेदारी है। हमें इसे स्वीकार करना होगा। नई दिल्ली की बैठक महागठबंधन की रूपरेखा तय करेगी। अब दो ही प्लेटफार्म हैं।

## सोना-चादी के घटे दाम

नयी दिल्ली (आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोनों कीमती धातुओं की चमक फीकी पड़ने के बीच घरेलू बाजार में दिवाली के बाद त्योहारी मांग में आयी तेज गिरावट से बीते सप्ताह दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 580 रुपये लुढ़ककर 32,070 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। इस दौरान सिक्का निर्माताओं के उठाव में आयी कमी और औद्योगिक मांग की सुस्ती से चाँदी भी 1,530 रुपये फिसलकर 38,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी।



लंदन और न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, गत सप्ताह सोना हाजिर 22.90 डॉलर की साप्ताहिक गिरावट में शुक्रवार को सप्ताहांत पर 1,209.75 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। दिसंबर का अमेरिकी सोना वायदा भी 24.30 डॉलर की तेज गिरावट में सप्ताहांत पर 1,210.30 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

## आप और दिल्ली पुलिस में ठना-ठनी, धक्का मुक्की मामले में केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर

नई दिल्ली (आरएनएस)। आप ने शनिवार को दिल्ली पुलिस पर आरोप लगाया कि वह अपने राजनीतिक आका के इशारे पर काम कर रही है और सिग्नेचर ब्रिज के उद्घाटन के समय हुए हंगामे के संबंध में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर रही है लेकिन भाजपा नेता मनोज तिवारी के खिलाफ नहीं। दिल्ली पुलिस ने यद्यपि कहा कि वह उचित प्रक्रिया का पालन कर रही है और चार नवम्बर को हंगामे से संबंधित मामले की जांच अपराध शाखा द्वारा की जा रही है। आप नेताओं आतिशी और राघव चड्ढा ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि पुलिस उस वीडियो के बावजूद तिवारी के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज करने में विफ ल रही जिसमें वह कथित रूप से लोगों को भड़काते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस इसके बजाय केजरीवाल के खिलाफ एक मामला दर्ज कर रही है।



## यौन शोषण के खिलाफ फेसबुक का बड़ा कदम

**डायरेक्टर हैं तो रोमांटिक रिश्तों का करना होगा खुलासा**


सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)। गूगल के पदचिन्हों पर चलते हुए फेसबुक ने यौन प्रताड़ना से जुड़े मामलों को लेकर अपनी नीतियों में बदलाव किया है और किसी कर्मचारी द्वारा किसी अन्य कर्मी पर इस तरह के आरोप के मामले में कंपनी द्वारा मध्यस्थता को वैकल्पिक बना दिया है। इसी के साथ फेसबुक ने कार्यालय के अंदर की डेटिंग नीति में भी बदलाव किया है। अब निदेशक या उससे ऊपर के स्तर के किसी व्यक्ति के किसी अन्य कर्मी के साथ रोमांटिक रिश्तों का खुलासा करना होगा, अगर वह कर्मी सीधे उसके अंदर काम नहीं करता हो, तो भी इसकी जानकारी देनी होगी।



द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में शुक्रवार को कहा गया कि फेसबुक ने आंतरिक पोस्ट में अपने कर्मचारियों के समक्ष नई नीति की घोषणा की है। नई नीति के मुताबिक, अब फेसबुक के कर्मचारी अगर चाहें तो यौन प्रताड़ना के मामलों की कंपनी के समक्ष शिकायत दर्ज करने के बजाए सीधे अदालती कार्रवाई कर सकेंगे। इससे पहले गूगल ने भी गुरुवार को घोषणा की थी कि यौन प्रताड़ना और यौन उत्पीड़न के मामलों में कर्मचारियों के लिए कंपनी की मध्यस्थता वैकल्पिक होगी और वे सीधे अदालती कार्रवाई कर सकेंगे। गूगल ने नई यौन प्रताड़ना नीति तब बनाई, जब उसके दुनिया भर के 20,000 से ज्यादा कर्मचारियों ने पिछले हफ्ते कंपनी में यौन उत्पीड़न और कंपनी के शीर्ष अधिकारियों द्वारा किए गए यौन उत्पीड़न के मामलों पर उचित कार्रवाई नहीं करने को लेकर हड़ताल की थी।

## 74,000 भारतीय हुए शहीद, अब दुनिया याद कर रही उनकी वीरता को

बेंगलुरु (आरएनएस)। 104 साल पहले भारतीयों के लिए समुद्र यात्रा को लेकर सकारात्मक माहौल नहीं था। सामाजिक मान्यताओं के कारण लोग समुद्र मार्ग से यात्रा करना अशुभ मानते थे। आज के इतिहास में जिस घटना को दुनिया प्रथम विश्व युद्ध कहती है, उसके लिए लाखों अविभाजित हिंदुस्तानी नागरिकों को जिन्हें युद्ध कौशल में प्रशिक्षित भी नहीं किया गया था को बड़े समुद्री जहाजों के जरिए युद्ध में भाग लेने के लिए ईस्ट अफ्रीका, फ्रांस, मिस्त्र, पर्शिया जैसे देशों में भेज दिया गया। 11 नवंबर को दुनिया प्रथम विश्व युद्ध के समापन के तौर पर जानती है, जिसमें ब्रिटिश हुकूमत की जीत हुई थी।



1914 में शुरू हुए प्रथम विश्व युद्ध में अविभाजित हिंदुस्तान के हजारों सैनिकों ने हिस्सा लिया था। युद्ध समाप्ति के दिन को कॉमनवेल्थ देशों में इसे एक ऐतिहासिक दिन के तौर पर याद किया जाता है। इस युद्ध में भारतीय सैनिकों की भूमिका को पूरी दुनिया में सम्मान के साथ याद किया जाता है। पिछले सप्ताह ब्रिटेन की संसद में प्रधानमंत्री थेरेजा मे ने भी भारतीय सैनिकों को याद किया। उन्होंने कहा, हम इस युद्ध विजय में उन 74,000 सैनिकों को नहीं भूल सकते जो अविभाजित भारत के नागरिक थे। उन सैनिकों ने संघर्ष किया और अपनी जान गंवाई, इनमें से 11 को उनके अदम्य साहस के लिए विक्टोरिया क्रॉस से भी सम्मानित किया गया।

**13 लाख भारतीयों ने युद्ध में लिया हिस्सा**

प्रथम विश्व युद्ध में भारत प्रत्यक्ष हिस्सेदार नहीं था, लेकिन अविभाजित भारत की इस युद्ध में भागीदारी जरूर थी। भारत से 13 लाख से अधिक आदमी और 1.7 लाख से अधिक जानवरों को युद्ध क्षेत्र में भेजा गया। इस युद्ध में 74,000 भारतीय सैनिक शहीद भी हुए और आज के रुपए की गणना में 20 बिलियन डॉलप से ज्यादा का धन भारत से युद्ध क्षेत्र में खर्च किया गया।